आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

इयरएंडर स्पेशल एडिशन



# स्वच्छ वार्ता थ्रोबैक 2023

## स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0
न्यूज़लेटर


GUARDIANS OF CHHATRAPATI SAMBHAJINAGAR
ULB CODE : 802765
INDIAN
SWACHHATA
LEAGUE
SEASON 2
A SWACHH BHARAT MISSION INITIATIVE
17TH SEPTEMBER, 2023



*"आज इतने दशकों बाद, स्वच्छता आन्दोलन ने एक बार फिर देश को नए भारत के सपने के साथ जोड़ने का काम किया है। और ये हमारी आदतों को बदलने का भी अभियान बन रहा है और हम ये न भूलें कि स्वच्छता एक कार्यक्रम है, स्वच्छता पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कार संक्रमण की एक जिम्मेवारी है और पीढ़ी दर पीढ़ी स्वच्छता का अभियान चलता है, तब सम्पूर्ण समाज जीवन में स्वच्छता का स्वभाव बनता है।"*

**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

सत्यमेव जयते

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

MINISTRY OF HOUSING AND
URBAN AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA




# एसबीएम-यू 2.0 थ्रोबैक 2023

शहरी भारत में स्वच्छता का परिदृश्य परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण का लक्ष्य शहरों से कचरा खत्म कर कचरा मुक्त शहरों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना है। 2023 में, शहरी भारत ने एक नया शिखर देखा, जन आन्दोलन द्वारा स्वच्छता केंद्र में आ गई। पीएम के नेतृत्व में स्वच्छता श्रमदान से लेकर महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वच्छोत्सव तक, युवाओं के नेतृत्व वाले आईएसएल से लेकर नागरिकों के नेतृत्व वाले आरआरआर केंद्रों तक, स्वच्छ शौचालय अभियान और बहुत कुछ हमने देखा। वेस्ट टु वेल्थ और सफाई मित्र सुरक्षा के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं को शहरों द्वारा प्राथमिकता दी गई। स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी साझा करने, सहयोग, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में इनक्यूबेटेड स्टार्टअप को बढ़ावा दिया। आइये एक नजर डालें बीते वर्ष की स्वच्छता यात्रा पर।

# मिशन की प्रगति


## प्रयुक्त जल प्रबंधन

इस मिशन में शहरी भारत में समग्र प्रयुक्त जल प्रबंधन का संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र निरंतर सुधार की ओर अग्रसर है। बीते 1 वर्ष से सभी शहर यह सुनिश्चित कर रहें है कि जल निकायों में अनुपचारित जल ना बहाया जाए। इससे मिशन की सभी महत्वपूर्ण पहलों में सर्कुलर इकॉनमी का दृष्टिकोण प्रदर्शित होता है। MoHUA ने भी STP व FSTP प्लांट में तेजी लाने के लिए I&D नेटवर्क द्वारा, डीस्लजिंग मशीन खरीद कर एवं सैप्टिक टैंक लगा कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



2023 में कुल परियोजना लागत 19980 करोड़ रुपये की पर्याप्त राशि में से 9310 करोड़ रुपये राज्यों को प्रयुक्त जल प्रबंधन के लिए केंद्रीय शेयर आवंटन के रूप में जारी करने की स्वीकृति दी गई है। 32 में से 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन किया जा चुका है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 2522 शहरी स्थानीय निकायों (ULB) के लिए 7729 MLD क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और 10987 किलोमीटर के एक I&D नेटवर्क को मंजूरी दी है।

## ODF, ODF+, ODF++ और Water+ के लिए प्रमाणिकता की स्थिती




## नई पहल

प्रकृति आधारित एवं विकेन्द्रीकृत UWM के तहत छोटे शहरों के लिए नीति

छोटे शहरों में कम लागत की प्रौद्योगिकी पर जोर

UWM के तहत छोटे शहरों के साथ मॉडेल कॉन्ट्रेक्ट डाक्युमेंट साझा किए गए

# शौचालय

तत्कालीन मिशन में, कार्यक्षमता और सामुदायिक, सार्वजनिक शहरों के महत्वाकांक्षी शौचालयों का रखरखाव सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है साथ ही पानी के समग्र उपयोग पर जोर दिया गया है। IHHLs का निर्माण लक्ष्य से काफी अधिक अंतर से आगे निकल गया है।

2023 में कुल रु. 3046 करोड़ की परियोजना लागत में से रु. 904 करोड़ केंद्रीय शेयर आवंटन के रूप में सार्वजनिक, सामुदायिक, व्यक्तिगत, घरेलू और आकांक्षी शौचालय के निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी गई है। 35 में से 25 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया है।

## पूर्ण रूप से निर्मित व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल)

(लाख में)

| वर्ष | संख्या | |
|---|---|---|
| 2023-24 | 63.09* | (107%) |
| 2022-23 | 62.88 | (107%) |
| 2021-22 | 62.65 | (106%) |
| 2020-21 | 62.55 | (106%) |
| 2019-20 | 61.60 | (104%) |
| 2018-19 | 57.00 | (97%) |
| 2017-18 | 47.10 | (80%) |
| 2016-17 | 31.95 | (54%) |
| 2015-16 | 11.67 | (20%) |

* अब तक



## पूर्ण रूप से निर्मित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय

(लाख में)

| | |
|---|---|
| 2023-24 | 6.36* (107%) |
| 2022-23 | 6.36 (125%) |
| 2021-22 | 6.21 (122%) |
| 2020-21 | 6.09 (120%) |
| 2019-20 | 5.93 (117%) |
| 2018-19 | 4.79 (94%) |
| 2017-18 | 3.18 (63%) |
| 2016-17 | 1.21 (24%) |
| 2015-16 | 0.47 (9%) |

* अब तक







## सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय

(सीट की संख्या)

- **3703** मंत्रालय द्वारा अनुमोदित यूएलबी के प्लान की संख्या
- **5,41,541** आइअआइएचल
- **42775** सीटी
- **38672** पीटी
- **23390** आकांक्षी पीटी
- **35291** स्टैंडअलोन यूरिनल्स

## नई पहल

प्रकृति आधारित एवं विकेन्द्रीकृत छोटे शहरों के लिए नीति

अधिक पर्यटकों की संख्या या पर्यटक स्थलों के लिए, 30% शौचालयों को आकांक्षी शौचालयों में बदलने हेतु धनराशि दी जाती है।

## सफाईमित्र सुरक्षा

MoHUA का लक्ष्य मार्च 2026 तक उचित संस्थागत, जनशक्ति और उपकरण तंत्र सुनिश्चित करके सीवर और सेप्टिक टैंक में जोखिम भरे प्रवेश को खत्म करने का उद्देश्य प्राप्त करना है।

## कीचड़ की मशीनीकृत सफाई

टियर 2 और टियर 3 शहरों में स्वच्छता, यंत्रीकृत कीचड़ हटाने और प्रयुक्त जल प्रबंधन में तेजी लाने पर ध्यान देने के साथ एसबीएम–यू 2.0 ने नवाचार, शासन की आवश्यकता, छोटे शहरों द्वारा डिजाइन में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण को अपनाने और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निष्पादन पर प्रकाश डाला है।




**2023 में 2803 यूएलबी ने खुद को सफाईमित्र सुरक्षित शहर घोषित किया है**

### बजट 2023

**फोकस**

सभी शहरों और कस्बों को मैनहोल से मशीन होल मोड में परिवर्तन के लिए सेप्टिक टैंक और सीवरों की 100 प्रतिशत मशीनीकृत सफाई के लिए सक्षम किया जाएगा।

### अब तक प्रगति

2023 में, 12 राज्यों में 1645 कीचड़ हटाने वाले वाहनों को एसबीएम–यू (10वें एनएआरसी डेटा) के तहत 232 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।

## आगे की दिशा

नागरिकों को कीचड़ हटाने वाली सेवाओं तक आसान और सुरक्षित पहुंच प्रदान करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कीचड़ निस्तारण सेवा संचालन को एकीकृत करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म की योजना बनाई जा रही है।


सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के तहत एसबीएम सब–पोर्टल पर विशेष रूप से छोटे यूएलबी (5 लाख से कम आबादी वालों) को पूरी सुविधाएं प्रदान करने के लिए उपलब्ध उपकरणों की सूची में सुधार करने की दिशा में दोबारा गौर किया जा रहा है।

# मिशन की प्रगति: ठोस अपशिष्ट प्रबंधन


एसबीएम–यू 2.0 के तहत लगभग 97% शहरी क्षेत्रों में घर–घर जाकर कचरा संग्रहण किया जा रहा है, एकत्र किए गए 89% कचरे को स्रोत द्वारा अलग किया जा रहा है और 77% कचरे को संसाधित किया जा रहा है।




## घर–घर से कचरा संग्रहण
(वार्डों के अनुसार)




## स्रोत पर पृथक्करण
(वार्डों के अनुसार)




## कचरा प्रसंस्करण
(कुल मिलाकर %) (टीपीडी)




घर–घर जाकर संग्रहण और स्रोत पृथक्करण करने वाले वार्डों का प्रतिशत और अब तक अपशिष्ट प्रसंस्करण का कुल प्रतिशत

## स्वच्छ भारत के लिए ADB का 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रोत्साहन

एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) ने स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0 का समर्थन करने के लिए 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को स्वीकृति दी है। यह पहल 2026 तक सभी शहरों को कचरा–मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम अभ्यासों को सामने लाना, नई टेक्नोलॉजी को एक जगह जुटाना और म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में जलवायु और डिजास्टर–रेसीलिएंट अप्रोच अपनाना है। इस पहल का उद्देश्य निजी क्षेत्र को शामिल करना, स्वच्छता और सेवा वितरण में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करना है। इसका उद्देश्य आठ राज्यों के 100 शहरों में व्यापक अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं को बढ़ाना है।






## CITIIS 2.0 का लॉन्च

एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में यूएलबी को चैलेंज मोड के माध्यम से 135 करोड़ की तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए इस वर्ष सिटी इनवेस्टमेंट्स टु इनोवेट इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 (CITIIS 2.0) लॉन्च किया गया है। फ्रांसीसी विकास एजेंसी (एएफडी), क्रेडिटनस्टाल्ट फर विडेराउफबाउ (केएफडब्ल्यू), यूरोपीय संघ (ईयू) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) द्वारा वित्त पोषित इस कार्यक्रम की अवधि 4 वर्ष है।

# गीला अपशिष्ट प्रसंस्करण

## वेस्ट टु कंपोस्ट

गीले कचरे से खाद बनाने की दिशा में वर्तमान में प्रतिदिन 1,13,873 टन कचरे (टीपीडी) को संसाधित करने की क्षमता वाले लगभग 2,500 कार्यात्मक वेस्ट टु कंपोस्ट प्लांट (सेंट्रलाइज्ड) हैं। इस वर्ष, 3590 करोड़ रुपये की परियोजना लागत में से 2700 से अधिक यूएलबी में 31248 टीपीडी के वेट वेस्ट/कंपोस्टिंग प्लांट्स के लिए केंद्रीय शेयर आवंटन की 1333 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।



# बायो–मिथेनेशन

इस वर्ष 1495 करोड़ रुपए की परियोजना लागत में से 458 करोड़ रुपए, 306 स्थानीय शहरी निकायों में स्थित कुल 8532 टीपीडी बायो–मिथेनेशन संयंत्रों के लिए फंड के सेंट्रल शेयर के रूप में आवंटित किए गए

## बजट का फोकस

ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को घटाने पर बल देते हुए हरित ऊर्जा पर ध्यान खींचने के उद्देश्य से बजट 2023 में सर्कुलर इकॉनमी का प्रचार करने हेतु GOBARdhan योजना के अंतर्गत 500 नए वेस्टु टु वेल्थ संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की गई। इनमें कुल 10,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 200 संपीड़ित बायोगैस संयंत्र (शहरों में 75) और 300 सामुदायिक या क्लस्टर–आधारित संयंत्र शामिल थे।





## MoHUA & EIL समझौता

MoHUA ने फरवरी 2023 में इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (EIL) के साथ ट्रांजेक्शन एडवाइजरी सपोर्ट देने और दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में अपशिष्ट से ऊर्जा और जैव–मेथेनेशन परियोजनाओं को विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। वर्तमान में GOBARdhan योजना के अंतर्गत जैविक कचरे से प्रभावी संसाधन रिकवरी के लिए 50 से अधिक सीबीजी संयंत्रों को स्वीकृति दी गई है। 2026 तक जैव मिथेनेशन संयंत्रों के लिए 15,000 टीपीडी की उपचार क्षमता प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

# ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग

## मेटिरियल रिकवरी फेसिलिटी

2026 तक 45,000 टीपीडी की मेटिरियल रिकवरी फेसिलिटी स्थापित करने हेतु एसबीएमयू 2.0 के अंतर्गत 2,604 स्थानीय निकायों में 34,494 टीपीडी डिजाइन क्षमता प्राप्त करने के लिए कार्य योजना को स्वीकृति दे दी गई है। 2600 से अधिक स्थानीय निकायों में 2968 करोड़ रुपए की परियोजना लागत के साथ 34949 टीपीडी मेटिरियल रिकवरी फेसिलिटी स्थापित करने के लिए 1043 करोड़ रुपये की राशि सेंट्रल शेयर फंड के रूप में आवंटित की गई है।



## अपशिष्ट से बिजली

931 टीपीडी डिजाइन क्षमता वाले आरडीएफ संयंत्रों और 1960 टीपीडी की प्रोसेसिंग क्षमता के लिए अपशिष्ट से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को स्वीकृति दी गई है। इस वर्ष, 2 स्थानीय शहरी निकायों को अपशिष्ट से बिजली संयंत्रों की कुल 353 करोड़ रुपए की परियोजना लागत में से 69 करोड़ रुपए की राशि, सेंट्रल शेयर के फंड के रूप में आवंटित कर दी गई है।

# निर्माण एवं विध्वंस और मशीनीकृत सफाई

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए 154 शहरों में 2026 तक 10,000 टीपीडी की सी एंड डी अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने हेतु 12,307 टीपीडी की वर्तमान क्षमता के अलावा, 8800 टीपीडी की डिजाइन क्षमता के साथ 86 संयंत्र स्थापित करने की कार्य योजना है। शेष 5 लाख जनसंख्या वाले यूएलबी को एसबीएम–यू 2.0 के अंतर्गत स्वीकृति दी गई है।



# लेगेसी डंपसाइट रेमेडियेशन

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 'लक्ष्य जीरो डंपसाइट' के अपने ध्येय की ओर बढ़ रहा है। इस वर्ष, 1700 से अधिक स्थानीय शहरी निकायों के लिए 1676 लाख मेट्रिक टन क्षमता की लेगेसी वेस्ट डंपसाइट रेमेडियेशन हेतु 8914 करोड़ रुपए की कुल परियोजना लागत में से 3571 करोड़ रुपए के सेंट्रल शेयर की राशि आवंटित की गई है।




## डंपसाइट्स की स्थिति

- **2,524** लेगेसी वेस्ट की मात्रा
- **879** (35%) रेमेडियेटेड वेस्ट की मात्रा
- **1,644** (65%) रेमेडियेट करने हेतु वेस्ट
- **2303** डंपसाइट्स की संख्या
- **21,241** क्षेत्र
- **3,708** (17%) वापिस लिया गया क्षेत्र
- **17,533** (83%) वापिस लेने हेतु क्षेत्र

डंपसाइट की संख्या: 2303 *
* प्रमुखतः पुराने कचरे वाले डंपसाइट >= 1000 टन
* लाख टन में कचरे की मात्रा
* एकड़ में क्षेत्र

## डंपसाइट रेमेडियेशन की स्थिति

- **336** लाख टन का रेमेडियेशन पूरा
- **429** लाख टन वेस्ट रेमेडियेट हुआ
- **2,383** एकड़ क्षेत्र वापिस लिया गया

# 2023 के कैंपेन


1
SWACHHOTSAV
#WomenLedSanitation
2
MERI LiFE
MERA SWACHH SHEHAR
3
Swachhata
Hi Seva
15 September - 2 October 2023
4
INDIAN SWACHHATA LEAGUE
SEASON 2
A SWACHH BHARAT MISSION INITIATIVE
17TH SEPTEMBER, 2023
सफ़ाईमित्र
सुरक्षा शिविर
5
1 Day
Hour
Cause
Many Firsts
6
Swachh Diwali
Shubh Diwali
A Swachh Bharat Mission 2.0 Initiative
7
Clean
Toilets
Campaign
SWACHH BHARAT MISSION - URBAN

# एक तारीख एक घंटा एक साथ

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता श्रमदान के लिए राष्ट्र के साथ जुड़े**



**8.75 करोड़ लोगों ने एकजुट हो कर 9 लाख स्थानों पर श्रमदान किया**

1 अक्टूबर, 2023 को, पीएम नरेंद्र मोदी ने फिटनेस इंफ्लुएंसर अंकित बैयनपुरिया के साथ मिलकर बापू को उनकी वर्षगांठ पर "एक तारीख एक घंटा एक साथ" अभियान में श्रमदान कर स्वच्छांजलि अर्पित की।

Narendra Modi
@narendramodi

Today, as the nation focuses on Swachhata, Ankit Baiyanpuriya and I did the same! Beyond just cleanliness, we blended fitness and well-being also into the mix. It is all about that Swachh and Swasth Bharat vibe!
@baiyanpuria



1:00 PM · Oct 1, 2023

# एक तारीख एक घंटा एक साथ

केंद्र सरकार के मंत्रालय, केंद्रीय मंत्री, प्रमुख संगठन, मुख्यमंत्री, राज्यपाल और मशहूर हस्तियाँ विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान में शामिल हुईं।



केंद्रीय मंत्री



मुख्यमंत्री





प्रमुख संस्थान



मशहूर हस्ती



केंद्रीय मंत्रालय

# एक तारीख एक घंटा एक साथ

## स्वच्छता श्रमदान के लिए जन आंदोलन



रेलवे स्टेशन


जलाशय


हाईवे


पहाड़ियां



पर्यटन स्थल



हवाई अड्डे


बाजार

# SWACHHOTSAV
#WomenLedSanitation

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए, MoHUA ने एसबीएम–यू 2.0 के तहत तीन सप्ताह का महिला नेतृत्व वाला राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान "स्वच्छोत्सव" लॉन्च किया। इस अभियान ने देश भर में लाखों महिलाओं को अपने शहरों को स्वच्छ, हरा–भरा और कचरा–मुक्त बनाने के लक्ष्य की ओर प्रेरित किया। यह 400,000 से अधिक महिला उद्यमियों के लिए एक ऐसा मंच बन गया जो शहरी स्वच्छता में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं।

## अभियान के घटक और प्रभाव

**SWACHH MASHAAL MARCH**

4.2 लाख लोगों ने जीएफसी बनाने की प्रतिज्ञा ली और 2.6 लाख लोगों ने स्वच्छ मशाल मार्च में भाग लिया

वार्ड स्तर पर नागरिकों को जीएफसी के लिए उत्साहित करने के लिए

**SWACHHATA YATRA**

9 राज्यों के स्वच्छतादूतों ने 13 राज्यों की यात्रा की

स्वच्छता दूतों का दौरा अन्य शहरों से शहरी स्वच्छता की पहल का ज्ञान आदान–प्रदान करने के लिए

**WINS Awards 2023**
Women IcoNs leading Swachhata

लगभग 11,000 आवेदन प्राप्त हुए

शहर भर में कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को पहचानने और उत्साहित करने के लिए

**GFC INFLUENCERS' NETWORK**
GARBAGE FREE CITIES

75,000 स्वच्छता इंफ्लुएंसर्स का नेटवर्क बनाया गया

एसएचजी को मुख्य धारा में लाने के लिए और उनके फेडरेशन को भागीदार के रूप में एसबीएम–यू 2.0 के क्रियान्वयन के लिए

# SWACHHOTSAV

#WomenLedSanitation

## स्वच्छता यात्रा










## स्वच्छ मशाल मार्च






SWACHHOTSAV
#WomenLedSanitation

# अंतर्राष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस: कचरा मुक्त शहरों के लिए रैली

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) ने कचरा मुक्त शहरों के संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए 29 मार्च 2023 को नई दिल्ली में 'अंतर्राष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस: कचरा मुक्त शहरों के लिए रैली', आयोजित किया।




स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी का मुख्य भाषण।





स्वच्छोत्सव कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने 'स्टोरी ऑफ चेंज' कंपेंडियम और महिला एसएचजी निर्देशिका को लॉंच किया।




श्री मनोज जोशी, सचिव, MoHUA द्वारा आधार व्याख्यान



स्वच्छोत्सव 2023 में अपने अभिभाषण के दौरान श्री शॉम्बी शार्प, भारत में यूएन के निवासी समन्वयक




केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने 15 मई 2023 को, पर्यावरण मंत्रालय, वन और जलवायु परिवर्तन के सहयोग से मेरी स्पथ्, मेरा स्वच्छ शहर अभियान लॉन्च किया। 3–सप्ताह की इस पहल ने लाखों लोगों के इस आंदोलन ने देश भर में लाखों नागरिकों को कचरा–मुक्त शहर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गति प्रदान की।

## अनोखी आरआरआर पहल




गोरखपुर में आरआरआर सेंटर ऑन व्हील्स




नवी मुंबई में रीसायकल मार्ट



पटना के पिंक आरआरआर केंद्र में एसएचजी कार्यकर्ता



चंडीगढ़ में वन रुपी स्टोर

### अभियान की पहल

- आरआरआर केंद्र
- वेस्ट टु वंडर या वेस्ट टु वेल्थ एक्टिविटी
- मिशन LiFE जागरूकता अभियान
- पौधारोपण एवं सफाई अभियान


# RRR CENTRE

Reduce. Reuse. Recycle

A Swachh Bharat Mission - Urban 2.0 Initiative

यूएलबी ने नागरिकों के लिए अनुपयुक्त वस्तुओं को जरुरतमंदों को दान करने हेतु नागरिकों को प्रेरित करने के लिए आरआरआर केंद्र स्थापित किए।

**20,084**
कुल आरआरआर केंद्र



**15,719**
अस्थायी आरआरआर केंद्र

**4,365**
स्थायी आरआरआर केंद्र




इंदौर में आरआरआर केंद्र

## आरआरआर प्रतिभागी

**1,181,395**
नागरिक आरआरआर केंद्र पहुंचे

**1,643,841**
वॉलंटियर्स




गाजियाबाद के आरआरआर केंद्र पर छात्र

## आरआरआर केंद्रों पर एकत्र की गई वस्तुएं

**457,560**
प्रयुक्त प्लास्टिक (किग्रा. में)

**662,725**
प्रयुक्त कपड़े (किग्रा. में)

**464,879**
पुरानी किताबें

**1,228,825**
पुराने जूते




जमशेदपुर के आरआरआर केंद्र पर लोगो द्वारा दान

Swachhata Hi Seva
15 September - 2 October 2023

# स्वच्छता पखवाड़ा

## स्वच्छ भारत मिशन के 9 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाने के लिए गतिविधियों का पखवाड़ा

गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता दिवस के अवसर पर 'स्वच्छता के लिए जन आंदोलन' का उत्सव मनाते हुए महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (DDWS) और MoHUA द्वारा अन्य मंत्रालयों के सहयोग से 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 के बीच स्वच्छता पखवाड़ा – स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2023 का आयोजन किया गया।








केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह, श्री हरदीप सिंह पुरी और श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक वर्चुअल संवाद के माध्यम से संयुक्त रूप से 15 सितंबर, 2023 को अभियान लॉन्च किया।

**7,000**
समुद्र तटों की सफाई की गई

**6,000**
नदी तट और तटीय क्षेत्रों का पुनर्जीवन

**15,000**
लेगेसी वेस्ट साइट को पुनः प्राप्त किया

**4,000**
पर्यटन स्थल और प्रतिष्ठित स्थानों की सफाई की गई

**87,000**
संस्थागत इमारतों का जीर्णोद्धार किया गया

**67,000**
ओपन डंपिंग स्पॉट्स को साफ किया गया

**सफाईमित्रों के कल्याण और दृश्यमान सफाई पर जोर देने वाले 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े में लगभग 50 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया।**









# इंडियन स्वच्छता लीग 2.0

17 सितंबर, 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 (ISL) के दूसरे संस्करण ने देश भर में काफी प्रभाव डाला।

स्वच्छता के इस भव्य लीग में 4000 से अधिक शहर की टीमें और स्वयंसेवक शामिल थे, अद्वितीय स्वच्छता गतिविधियों द्वारा देश भर में लगभग 15 लाख लोगों ने समुद्र तटों, पर्यटन स्थलों और पहाड़ियों को साफ करने के लिए अपने प्रयासों को समर्पित करते हुए भाग लिया।




चंडीगढ़ में 10,000 लोगों के लिए महालंगर का आयोजन किया गया।



पिंपरी चिंचवड़ के लगभग 50,000 निवासी एक विशाल जुम्बा कार्यक्रम में शामिल हुए।



राजमहेंद्रवरम में गोदावरी नदी घाट पर सफाई अभियान चलाया गया।



एक विशाल रैली में लगभग 1.5 लाख नवी मुंबईकरों ने भाग लिया



पुरी में व्यापक प्लॉगिंग अभियान का आयोजन

# सफाईमित्र सुरक्षा शिविर

देश भर के कई शहरों में 17 सितंबर 2023 से 'सफाईमित्र सुरक्षा शिविर' का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान चलने वाले शिविरों का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए कल्याणकारी कार्यक्रमों को बड़े स्तर पर लागू करना था, जिसका लक्ष्य कर्मचारियों की भलाई और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना था।










झारखंड में 'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर' में सफाई मित्रों के लिए 'स्वास्थ्य और सुरक्षा' संबंधी कई पहल की गईं, जिनमें बड़े पैमाने पर लगाए गए चिकित्सा शिविर और पीपीई किट वितरण आदि शामिल रहे।

# सफाईमित्र सुरक्षा शिविर









छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य की जांच और सरकारी योजना के लिए पंजीकरण शिविरों के माध्यम से सफाईमित्रों के योगदान को स्वीकार करते हुए सभी के साथ साझा किया।








सफाईमित्रों को चंडीगढ़ के सफाईमित्र सुरक्षा शिविर में एक स्वच्छता बूथ दिया गया, एक रुपये में सामान देने वाले 'वन रुपी स्टोर' में प्रवेश, सरकारी योजनाओं में नामांकन समेत बीमा संबंधी सुविधाएं दी गईं।

स्वच्छ दिवाली
शुभ दिवाली
स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की पहल

# स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली

'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' अभियान 6 से 12 नवंबर 2023 तक के बीच चलाया गया था, जिसका उद्देश्य लोगों को स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों के प्रति संवेदनशील बनाना और उनके इस्तेमाल के लिए प्रेरित करके पर्यावरण और समुदायों के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना, सिंगल–यूज प्लास्टिक से मुक्त दिवाली मनाने समेत दिवाली से पहले और बाद में स्वच्छता को प्राथमिकता देना रहा।

## स्वच्छ दिवाली हस्ताक्षर अभियान

मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' – हस्ताक्षर अभियान के लिए MyGov के साथ साझेदारी की और नागरिकों को स्वच्छ, हरित और सिंगल–यूज प्लास्टिक मुक्त दिवाली मनाने का संकल्प आगे बढ़ाने को राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**2,99,044**
**डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त हुए**




# स्वच्छ दिवाली वीडियो रील्स

नागरिकों को स्वच्छ, हरित और सिंगल–यूज प्लास्टिक मुक्त दिवाली मनाने के अनूठे तरीकों पर शॉर्ट वीडियो बनाने और #SwachhDiwali के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।




# स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान में शामिल हुए केंद्रीय मंत्रालय



















# स्वच्छ दिवाली के दौरान अनूठी पहल



22 लाख से अधिक मिट्टी के दीयों से जगमग हुई अयोध्या।




मूर्तियों को इकट्ठा कर कलाकृतियों में बदलने के लिए चंडीगढ़ की 'विसर वाहन' पहल।



स्वच्छ, हरित दिवाली के लिए नागालैंड के दुकानदारों ने अपनी दुकानों को हरे पौधों से सजाया।




क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान बेंगलुरु के नागरिकों ने स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान का समर्थन किया।




धनबाद ने लोकल कारीगरों की सहायता करने के लिए स्थानीय रूप से निर्मित दिवाली के सजावटी सामानों का प्रचार–प्रसार किया।




नवी मुंबई के शॉपिंग मॉल में सेल्फी अभियान के दौरान जिन ग्राहकों ने स्वच्छ दिवाली हस्ताक्षर अभियान के लिए ऑनलाइन साइन अप किया, उन्हें खरीदारी के लिए डिस्काउंट कूपन पुरस्कार स्वरूप दिए गए।




विश्व शौचालय दिवस 2023 की तेजी से परिवर्तन की थीम को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने 19 नवंबर 'विश्व शौचालय दिवस' से 25 दिसंबर 'सुशासन दिवस' तक 5 सप्ताह का 'क्लीन टॉयलेट्स कैंपेन' शुरू किया। इस अभियान ने स्वच्छ भारत के फंक्शनल, एक्सेसिबल, क्लीन, ईको–फ्रेंडली, सेफ (FACES) शौचालयों के संकल्प को मजबूत करने में मदद की।








हरदीप सिंह पुरी
केंद्रीय मंत्री,
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

"जीवन बदलना और प्रगति को बढ़ावा देना : भारत में शौचालय निर्माण स्वच्छता नवाचारों, उद्योग विकास और निजी क्षेत्र के निवेश को उत्प्रेरित करता है।"
– 'विश्व शौचालय दिवस' पर स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा




# विश्व शौचालय दिवस

(19 नवंबर 2023)









# सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों के लिए 5 सप्ताह तक स्वच्छता अभियान









# टॉयलेट टेल्स

*Toilet Tales*



**स्वचालित सेल्फ–क्लीनिंग शौचालय**

ऑनलाइन निगरानी और सेंसर टेक्नोलॉजी से लैस आगरा के मानव रहित स्व–सफाई सार्वजनिक शौचालय ताज महल जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के पास बेहतर सफाई और स्वच्छता संबंधी अभ्यासों का उदाहरण पेश कर रहे हैं।

*Toilet Tales*



**पर्यावरण के अनुकूल शी टॉयलेट**

तेलंगाना के कोदाद में रखरखाव की बहुत कम आवश्यकता वाले शी टॉयलेट महिलाओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ शौचालय सुविधाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। महिलाओं के नेतृत्व से चलने वाले शी टॉयलेट महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।

*Toilet Tales*




**सुरक्षित आरामदायक स्मार्ट लाउंज**

महिला यात्रियों के लिए टॉयलेट सहित सुरक्षित, आरामदायक और संरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उज्जैन नगर निगम द्वारा विशेष शी लाउंज बनाया गया।




## क्लीन टॉयलेट्स चैलेंज

क्लीन टॉयलेट्स चैलेंज एक अद्वितीय नामांकन–आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य शहरी शौचालयों की कार्यक्षमता और स्थिरता को बढ़ाना है। फंक्शनल एक्सेसिबल क्लीन इको–फ्रेंडली सेफ (FACES) के मापदंडों के आधार पर यूएलबी, पैरास्टेटल निकायों और निजी संगठनों ने अपने सर्वश्रेष्ठ शौचालय मॉडल्स को इसके लिए नामांकित किया।







## शौचालय ग्रेडिंग

सार्वजनिक शौचालयों में सफाई, स्वच्छता, रखरखाव, कार्यक्षमता, लोगों की पहुंच, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का आकलन करने के लिए यूएलबी में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की मदद से एक 'शौचालय ग्रेडिंग' प्रणाली तैयार की गई और इसे सुविधाजनक बनाया गया। एसबीएम–यू ने डीएएनयूएलएम के साथ समन्वय किया और सार्वजनिक शौचालय की ग्रेडिंग के लिए संबंधित वार्ड क्षेत्रों में एसएचजी को टैग किया।





# स्वच्छता पर पीएम के विचार




मन की बात



मेरे परिवारजनो, 'स्वच्छ भारत' अब तो पूरे देश का प्रिय विषय बन गया है मेरा तो प्रिय विषय है ही है और जैसे ही मुझे इससे जुडी कोई खबर मिलती है, मेरा मन उस तरफ चला ही जाता है, और स्वाभाविक है, फिर तो उसको 'मन की बात' में जगह मिल ही जाती है | स्वच्छ भारत अभियान ने साफ-सफाई और सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर लोगों की सोच बदल दी है | ये पहल आज राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बन चुकी है, जिसने करोड़ों देशवासियों के जीवन को बेहतर बनाया है | इस अभियान ने अलग-अलग क्षेत्र के लोगों, विशेषकर युवाओं को सामूहिक भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया है |



मन की बात



ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले की एक बहन कमला मोहराना एक स्वयं सहायता समूह चलाती हैं। इस समूह की महिलाएं दूध की थैली और दूसरी प्लास्टिक पैकिंग से टोकरी और मोबाइल स्टैंड जैसी कई चीजें बनाती हैं। ये इनके लिए स्वच्छता के साथ ही आमदनी का भी एक अच्छा जरिया बन रहा है।

98th वां एपिसोड | 26th Feb, 2023 —पीएम मोदी



मन की बात

ऐसा ही एक सराहनीय प्रयास सूरत में देखने को मिला है | युवाओं की एक टीम ने यहाँ 'Project Surat' इसकी शुरुआत की है | इसका लक्ष्य सूरत को एक ऐसा model शहर बनाना है, जो सफाई और sustainable development की बेहतरीन मिसाल बने | 'Safai Sunday' के नाम से शुरु हुए इस प्रयास के तहत सूरत के युवा पहले सार्वजानिक जगहों और Dumas Beach की सफाई करते थे | बाद में ये लोग तापी नदी के किनारों की सफाई में भी जी-जान से जुट गए और आपको जान करके खुशी होगी, देखते-ही-देखते इससे जुड़े लोगों की संख्या, 50 हजार से ज्यादा हो गई है |

साथियो, गुजरात से ही एक और जानकारी आई है | कुछ सप्ताह पहले वहां अंबाजी में 'भादरवी पूनम मेले' का आयोजन किया गया था इस मेले में 50 लाख से ज्यादा लोग आए | ये मेला प्रतिवर्ष होता है | इसकी सबसे ख़ास बात ये रही कि मेले में आये लोगों ने गब्बर हिल के एक बड़े हिस्से में सफाई अभियान चलाया | मंदिरों के आसपास के पूरे क्षेत्र को स्वच्छ रखने का ये अभियान बहुत प्रेरणादायी है |




मन की बात

मन की बात

लोगों से मिले समर्थन से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा, जिसके बाद उन्होंने कचरा इकट्ठा करने का काम भी शुरु किया | आपको जानकर हैरानी होगी कि इस टीम ने लाखों किलो कचरा हटाया है | जमीनी स्तर पर किए गए ऐसे प्रयास, बहुत बड़े बदलाव लाने वाले होते हैं |





# प्रमुख घोषणाएं

अक्टूबर 2024 तक 1000 शहरों को 3–स्टार कचरा मुक्त बनाने का लक्ष्य 2026 तक संतृप्ति

ईआईएल के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण पर आधारित विशेष सहायक कंपनी स्थापित करने का प्रस्ताव है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत वित्तपोषित आंशिक ऋण गारंटी के लिए विशेष निधि हुडको में रखी जाएगी।




**श्री हरदीप सिंह पुरी**
केंद्रीय मंत्री,
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

# स्वच्छ भारत शहरों की कहानियां

## चंडीगढ़ की वेस्ट प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि

इस वर्ष नगर निगम ने शत प्रतिशत गीले कूड़े का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अपनी खाद बनाने की क्षमता में वृद्धि की। दादुमाजरा में 300 टीपीडी विंड्रो कम्पोस्ट संयंत्र का निर्माण कार्य शुरु हुआ।

नगर निगम ने वार्ड स्तर पर पैदा हुए ठोस अपशिष्ट को प्रोसेस करने में वार्ड को आत्म–निर्भर बनाने के उद्देश्य से सहज सफाई केंद्र, सेक्टर 49 में शहर का पहला डिसेंट्रलाइज्ड वेस्ट प्रोसेसिंग संयंत्र स्थापित किया।

संयंत्र के संचालन के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट जल के उपचार और पुन: उपयोग के लिए सी एंड डी वेस्ट रीसाइकलिंग संयंत्र में एक अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित किया गया।



चंडीगढ़ की संवर्धित खाद सुविधा




डिसेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग संयंत्र

## पटना ने संभावित कूड़ा स्थलों को हटाया

2023 में पटना ने 600 से अधिक संभावित कूड़ा स्थलों को हटाया और उन्हें चकाचक पॉइंट्स में बदल दिया। यह अपने नागरिकों के लिए "कचरा संग्रहण वाहन को ट्रैक करें" नामक एक अनूठी और अतिरिक्त सुविधा के साथ चैटबॉट लॉन्च करने वाला देश का पहला नगर निगम बन गया।




पटना में चकाचक पॉइंट्स




चैटबॉट

## बैनी सेना ने पहाड़ी शहर हल्दवानी में स्वच्छता का बीड़ा उठाया

लगभग 50 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 500 से अधिक महिलाओं ने हल्दवानी में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए बैनी सेना का गठन किया। बैनी सेना ने सफाईकर्मियों की कार्य गुणवत्ता बढ़ाने, कचरा संग्रहण वाहनों को कचरे के बारे में सूचित करने और कुमाऊं के पहाड़ी क्षेत्र को स्वच्छ रखने हेतु शुल्क एकत्र करने में भूमिका निभाई है।





हल्दवानी की बैनी सेना

## आंध्र प्रदेश के ई–ऑटो टिपर और डीस्लजिंग वाहन

स्वच्छ आंध्र प्रदेश (CLAP) कार्यक्रम के अंतर्गत, सफाईकर्मियों का कार्यभार कम करने हेतु, 600 ई–ऑटो लॉन्च कर पूरे राज्य में पुश कार्ट सिस्टम को ई–ऑटो टिपर्स में अपग्रेड कर हर–घर कचरा संग्रहण को मशीनीकृत किया गया है।

सफाईकर्मियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक प्रगति को बल देने हेतु राज्य ने एनएसकेएफडीसी (NSKFDC) द्वारा स्वच्छ उद्यमी योजना के तहत आजीविका विकास कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें कीचड़ हटाने वाली गतिविधियों के सुरक्षित और अधिकृत संचालन को सुनिश्चित करने के लिए 100 वैक्यूम सक्शन कीचड़ हटाने वाले वाहन लॉन्च किए गए हैं।



वैक्यूम सक्शन डीस्लजिंग वाहन



ई–ऑटो टिपर्स

## दिल्ली की शून्य अपशिष्ट कॉलोनियां

दिल्ली नगर निगम शून्य अपशिष्ट कॉलोनियों के विकेंद्रीकृत दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ी है। वर्तमान में शहर में 334 शून्य अपशिष्ट कॉलोनियां है और ये सभी अपना अपशिष्ट प्रबंधन स्वयं करने में सक्षम हैं। इन जगहों पर कुल 69 टन गीला कचरा और 104 टन सूखा कचरा पैदा होता है। गीला कचरा पिट कम्पोस्टिंग, ड्रम कम्पोस्टिंग और ऐरोबिन जैसी विभिन्न तकनीक की मदद से समुदाय के भीतर ही प्रोसेस किया जा रहा है।



दिल्ली में शून्य अपशिष्ट कॉलोनी

## यूपी ने किया 75000 सार्वजनिक शौचालयों का कायाकल्प






कायाकल्प अभियान यूपी की एक पहल है जिसका उद्देश्य सार्वजनिक शौचालयों की तस्वीर बदलना और राज्य भर के शौचालयों में साफ–सफाई समेत स्वच्छता में सुधार करना और ओडीएफ़ की स्थायी स्थिति सुनिश्चित करना है। इसके परिणामस्वरूप 75000 शौचालय सीटें सुंदर, साफ–स्वच्छ शौचालयों में बदल गईं, साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और स्वच्छता को लेकर जागरूकता पैदा हुई।

उत्तर प्रदेश में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता के दौरान स्वच्छता अभियान के लिए 23 जिलों के 136 घाटों की पहचान की गई, जिनमें गंगा टाउन्स भी शामिल थे। इन घाटों से 2 लाख किलोग्राम से अधिक कचरा एकत्र किया गया। इस चैलेंज के दौरान 2 लाख से अधिक नागरिक एकत्रित हुए।

## तमिलनाडु ने जल निकायों को किया पुनर्जीवित

स्वच्छ शहर अभियान के तहत, तमिलनाडु में शहरी स्थानीय निकायों ने जल निकायों और वर्षा जल प्रभावित नालों की सफाई का बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। इस व्यापक अभियान के लिए 70,000 स्वयंसेवकों की पहचान की गई और 3,500 जल निकायों को साफ किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 70,000 किलोमीटर की दूरी तक फैले जल निकायों को साफ किया गया और नालों से गाद निकालने का काम किया गया।



## अंडमान एवं निकोबार में घोस्ट नेट कलेक्शन सेंटर




अंडमान और निकोबार में घोस्ट नेट कलेक्शन सेंटर (जीएनसीसी) एक अपशिष्ट संग्रह केंद्र है। यह एक ऐसा स्थान है, जहां मछली पकड़ने वाले समुदाय के लोग अपने मछली पकड़ने संबंधी गियर्स के टुकड़े रीसाइक्लिंग के लिए जमा करते हैं। यह सेंटर पोर्ट ब्लेयर नगर परिषद, मत्स्य पालन विभाग, जीआईजेड और मछुआरा समुदाय के लोगों के सहयोग से चलाया जा रहा है।

## लद्दाख में स्वच्छता कर्मियों के लिए वॉश फेसिलिटी

लद्दाख ईकोलॉजिकल डेवलपमेंट ग्रुप ने लेह में स्वच्छता कर्मचारियों के लिए एक अनूठी 'वॉश फेसिलिटी' बनाने के लिए लेह नगर समिति और ब्रेमेन ओवरसीज रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन के साथ सहयोग किया। यह सुविधा स्वच्छता कर्मचारियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन की गई है। स्वच्छता कर्मियों के लिए 'वॉश फेसिलिटी' ने पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए शौचालय और स्नान की सुविधा में सुधार किया है। यहां ब्लैक और ग्रे वॉटर के ट्रीटमेंट और ट्रीट किए हुए पानी के पुनः उपयोग के प्रावधान के साथ–साथ विभिन्न अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की गई हैं।





## सीकर, राजस्थान के जैविक उर्वरक

राजस्थान के सीकर शहर में एकत्रित किए गए गीले कचरे का प्रसंस्करण किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जैविक खाद तैयार करके उपलब्ध कराई जा रही है। शहर से प्रतिदिन लगभग 8–9 टन गीला कचरा एकत्र किया जाता है, जिसमें से करीब 2–3 टन जैविक खाद बनाई जाती है। यह खाद किसानों को महज 2 रुपए प्रति किलो के हिसाब से प्राप्त हो रही है।





# NARC की बैठक




एमओएचयूए सचिव श्री मनोज जोशी की अध्यक्षता में 6 मार्च 2023 को 8वीं एनएआरसी बैठक में एसबीएम–यू 2.0 के तहत 3000 करोड़ रुपये की कुल परियोजनाओं को मंजूरी देने वाले 17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की कार्य योजना की समीक्षा की गई।





राष्ट्रीय सलाहकार और समीक्षा समिति (NARC) की बैठक में अध्यक्षता MoHUA के सचिव मनोज जोशी ने की, जिसमें 8 जून 2023 को 9 राज्यों में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण, जल प्रबंधन, क्षमता निर्माण और IEC के लिए 2,450 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री मनोज जोशी की अध्यक्षता में 13 सितंबर 2023 को 10वीं राष्ट्रीय सलाहकार और समीक्षा समिति की बैठक में 7 राज्यों की कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें कुल 2,950 रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।


# राज्य स्तरीय बैठक



जेएस और मिशन निदेशक श्रीमती रूपा मिश्रा की अध्यक्षता में 16 मई 2023 को हुई बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और झारखंड में 96 गंगा टाउन्स की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया।




विभिन्न शहरों में 51 नए म्यूनिसिपल वेट वेस्ट प्लांट्स की तेजी से स्थापना के लिए 18 मई 2023 को राज्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।





MoHUA सचिव मनोज जोशी ने 9 जून 2023 को विभिन्न राज्यों में CBG संयंत्रों के कार्यान्वयन पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।


# राज्य स्तरीय बैठक




आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 10 जुलाई, 2023 को स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0 के तहत अपशिष्ट प्रबंधन हेतु परियोजनाओं को गति देने के लिए एसबीएमयू 2.0 योजना और कार्यान्वयन समीक्षा–सह–कार्यशाला आयोजित की।



ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर चर्चा करने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 16 नवंबर 2023 को आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ संयुक्त बैठक में भाग लिया।



संयुक्त सचिव (MoHUA) और एसबीएम मिशन निदेशक श्रीमति रूपा मिश्रा ने स्वच्छ आंध्रा निगम और स्थानीय शहरी निकायों द्वारा स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों का विश्लेषण करने हेतु उनके साथ बैठक की।

# क्षमता निर्माण में पहल




आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के निदेशक श्री बिनय कुमार झा ने 'वाणिज्यिक वित्त का लाभ शहर कैसे उठा सकते हैं' विषय पर DEA, MoHUA और IFC द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।




13 जून 2023 को संयुक्त सचिव, MoHUA श्रीमति रूपा मिश्रा ने NCGG द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान बांग्लादेश से आए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्वच्छता के श्रेष्ठ प्रयासों पर चर्चा की।



प्रयुक्त जल एवं कीचड़ प्रबंधन पर 16 जून 2023 को रायपुर में राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला।



19 जून 2023 को NIUA द्वारा आयोजित स्वच्छ और संवहनीय पहाड़ी राज्यों पर पर्वत–मंथन संवाद में उपस्थित श्रीमति रूपा मिश्रा, संयुक्त सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय।




27–28 जून को इंदौर में सीबीजी संयंत्रों के कार्यान्वयन पर राष्ट्रीय कार्यशाला।




13 जुलाई 2023 को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इंदौर के श्रेष्ठता केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जिसका उद्देश्य सूचना, अनुसंधान, परामर्श और प्रतिपालन का समन्वय करना और राज्यों और शहरों को सुव्यवस्थित क्षमता निर्माण और ज्ञान प्रबंधन पर सहायता प्रदान करना है।




23–24 नवंबर 2023 को चेन्नई में यांत्रिकृत कीचड़ निस्तारण एवं प्रयुक्त जल प्रबंधन पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन।




सीबीजी क्षेत्र को गति प्रदान करने हेतु संवाद और जानकारी के आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए 1 दिसंबर 2023 को नई दिल्ली में एसबीएम–GOBARdhan बायोगैस सम्मेलन।






6 से 8 दिसंबर 2023 के बीच निमली में अवरोधन और विपथन (I&D) प्रणाली के माध्यम से प्रयुक्त जल प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यशाला।



7 दिसंबर 2023 को दिल्ली में समावेशी स्वच्छता पर क्षमता निर्माण की पहल।

# मिशन प्रवर्तक

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की टूलकिट जारी




10 जुलाई 2023 को आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 (9वां संस्करण) की टूलकिट जारी की। एसएस–2024 की थीम RRR– रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल पर आधारित है।

## स्वच्छता नॉलेज पार्टनर्स

कार्यान्वयन को गति देने और परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से राज्यों और शहरों को व्यापक क्षमता विकास सहायता प्रदान करने के लिए, स्वच्छता नॉलेज पार्टनर्स (एसकेपी) को सूचीबद्ध किया गया।

## कचरा मुक्त शहरों के लिए स्टार्टअप गेटवे

स्टार्टअप्स के द्वितीय समूह के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु MoHUA ने 19 सितंबर, 2023 को स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (SIIC), आईआईटी कानपुर के सहयोग से कचरा मुक्त शहरों के लिए स्टार्टअप गेटवे की शुरुआत की गई।



# पार्टनर्स फोरम


MoHUA द्वारा शुरू किए गए एसबीएमयू 2.0 के लिए पार्टनर्स फोरम का उद्देश्य शहरी स्वच्छता की जटिल चुनौतियों से निपटना है। यह फोरम कॉरपोरेट्स, पीएसयू, WASH क्षेत्र से जुड़े मंत्रालयों/विभागों और अंतर्राष्ट्रीय फंडिंग संस्थानों को शामिल करने के लिए अपनी पहुंच का विस्तार कर रहा है।





# जारी किए गए मॉडल डॉक्यूमेंट




एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (आईएसडब्ल्यूएम) के लिए मॉडल आरएफपी और रियायत समझौता




बायो–मिथेनेशन के लिए मॉडल आरएफपी और रियायत समझौता





अपशिष्ट से बिजली के लिए मॉडल आरएफपी और रियायत समझौता

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने भारत में अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने हेतु साझेदारी बनाने के लिए वर्ल्ड बैंक समूह के सदस्य, अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) के साथ समझौता किया। इस साझेदारी के माध्यम से, आईएफसी ने भारत में अपशिष्ट से बायो–मिथनेशन परियोजनाएं, अपशिष्ट से विद्युत परियोजनाएं और एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विकास हेतु स्थानीय शहरी निकायों के इस्तेमाल के लिए मॉडल डॉक्यूमेंट जैसे मॉडल रियायत समझौता (MCA) और आरएफपी तैयार करने में सहयोग दिया।

# मिशन प्रवर्तक

## प्रौद्योगिकी में पहल





### भू–स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (GMIS)

भू–स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (GMIS) ऐसी एसबीएम परियोजनाओं के प्रभावी प्रबंधन में सहायता करती है जो कार्य योजना के अंतर्गत अनुमोदित की गई हैं।

### मिशन में प्रगति– विरासती अपशिष्ट प्रबंधन (कूड़ा स्थल)

डंपसाइट्स पब्लिक व्यू डैशबोर्ड ऐसे कूड़ा स्थलों की स्थिति दर्शाता है जो रिमिडिएट किए जा चुके हैं, प्रगतिशील हैं या अब तक शुरू नहीं किए गए हैं।






### मिशन प्रगति– ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पब्लिक व्यू डैशबोर्ड राष्ट्रीय स्तर पर एसडब्ल्यूएम के विवरण की विस्तृत जानकारी देता है। यह डैशबोर्ड एसडब्ल्यूएम की स्थिति (वार्डों की संख्या, 100% डोर–टु–डोर कलेक्शन वाले वार्ड और 100: सोर्स सेग्रीगेशन वाले वार्ड), कुल ठोस अपशिष्ट टन प्रतिदिन (TPD) और प्रोसेस किए जा चुके ठोस अपशिष्ट (TPD) के बारे में बताता है।

### MIS मॉड्यूल सभी निकायों के लिए सफाईमित्रों, मशीनरी और सहायक दस्तावेजों का विवरण बताता है





### संसाधन

समाधान पोर्टल शहरों और राज्यों को सामग्री प्रवाह और मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) के प्रदर्शन के विश्लेषण में मदद करता है। यह पोर्टल भविष्य में एक राष्ट्रवर अपशिष्ट विनिमय मंच के तौर पर कार्य करेगा जहां राज्य, शहर, एमआरएफ केंद्र और रीसाइक्लर्स अपशिष्ट के विनिमय हेतु आगे आएंगे।

# फील्ड विजिट

## जनवरी



तेहखंड अपशिष्ट से उर्जा संयंत्र, ओखला



ओखला कूड़ा स्थल, नई दिल्ली

## फरवरी




एकीकृत एसडब्ल्यूएम संयंत्र, सलीगाओ, गोआ



स्वच्छ केंद्र, पणजी

## अप्रैल




एमआरएफ केंद्र, हरिद्वार

## मई



प्लास्टिक कतरन इकाई, तिरुवनंतपुरम



अपशिष्ट प्रबंधन स्थल, तिरुवनंतपुरम



विरासती कूड़ा स्थल, ब्रह्मापुरम



अपशिष्ट से हरित कोयला संयंत्र, वाराणसी

## जून



एसडब्ल्यूएम संयंत्र, पंजाब



एसडब्ल्यूएम संयंत्र, रायपुर



अपशिष्ट से ऊर्जा पुनर्चक्रण संयंत्र, विशाखापत्तनम

## सितंबर



अपशिष्ट से विद्युत संयंत्र, टोक्यो



भस्मीकरण संयंत्र, योकोहामा

## अक्टूबर




सुविधा केंद्र, मुंबई में सामुदायिक शौचालय का नमूना



विरासती कूड़ा स्थल, मुंबई



प्रयुक्त जल प्रबंधन संयंत्र, लोनावला

## नवंबर



बायो–सीएनजी संयंत्र, चेटपेट



अगरबत्ती इकाई, तिरुपति



अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा, तिरुपति



अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा, स्टॉकहोम

# स्वच्छता के स्मरणीय क्षण



जापान के हिरोशिमा में आयोजित जी7 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहनी रिसाइकल्ड सामग्री से बनी जैकेट

## ##Swachhata in sports too!



आईसीसी मेन्स वर्ल्ड कप 2023 के दौरान दिखे रीसाइकल्ड पेट बोतलों से बने राष्ट्रीय ध्वज



शून्य अपशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच (Ind vs NZ टी20, जनवरी 2023)

## एक तारीख एक घंटा एक साथ (1 अक्टूबर, 2023)



8 करोड़ से अधिक नागरिकों ने 1 घंटे के स्वच्छता श्रमदान में भाग लिया



# स्वच्छता ट्रेंड्स 2023

## 2023 के टॉप पॉजिटिव कीवर्ड

Departments
Commitment
Cleanliness initiative
Cleaner future
Country
9th anniversary
Sections
Shared responsibility
Awareness
Campaign
City
Sections
स्रोत पर गीला-सूखा कचरा
स्वच्छ भारत
Cleanliness
Great enthusiasm
Cleaner
Sanitation workers
बेहतरीन उदहारण
Vision
Goal
श्रमदान
Communities
Jan andolan
Pivotal
Efforts count
स्वस्थ्य भारत
Cleaner future
जन आंदोलन
Surroundings
कचरा मुक्त
City
Noble endeavour
आयोजित देशव्यापी आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम
Primary focus
Overwhelming support
Society
Contribution
कचरे से कंचन
Departments
Cleanliness drive
हरा गीला सूखा नीला


## 2023 के ट्रेंडिंग स्वच्छता #टैग

### #SwachhBharat









# 2023 के ट्रेंडिंग स्वच्छता #टैग

## #Swachhotsav










## #RRR4LiFE











## #SwahhataHiSeva #EkTareekhEkGhantaEkSaath






# 2023 के ट्रेंडिंग स्वच्छता #टैग

## #IndianSwachhataLeague2.0











## #SwachhDiwaliShubhDiwali










## #CleanToiletsCampaign #WorldToiletDay












स्वच्छ भारत मिशन पर ज्यादा जानकारी के लिए

हमें फॉलो करें:

Swachh Bharat Mission – Urban | @SwachhBharatGov | sbm_urban | Swachh Bharat Urban | swachh-bharat-urban